# कार्यालय मुख्य अग्निशमन अधिकारी प्रयागराज / फतेहपुर

पत्र संख्या:- एफपी / सीएफओ / आई-3 / विद्यालय / 2018 दिनांक:- 01.11.2018

सेवा में,

प्रबंधक / आवेदक,

डाक्टर वीरेन्द्र स्वरूप,

पब्लिक स्कूल बकेवर, बिंदकी, मुगल रोड फतेहपुर।

विषय- मेसर्स डाक्टर वीरेन्द्र स्वरूप पब्लिक स्कूल बकेवर, बिंदकी, मुगल रोड फतेहपुर में लगी अग्निशमन व्यवस्थाओं / उपकरणों का अग्निशमन अनापत्ति प्रमाण पत्र निर्गत किये जाने के सम्बन्ध में।

संदर्भ:- आवेदक के प्रार्थना पत्र दिनांक:- 20.10.2018 के संबंध में।

महोदय,

कृपया उपरोक्त विषयक आवेदक मेसर्स डाक्टर वीरेन्द्र स्वरूप पब्लिक स्कूल बकेवर, बिंदकी, मुगल रोड फतेहपुर के खसरा नम्बर- 684 तहसील व जिला फतेहपुर के प्रार्थना पत्र के माध्यम से उक्त प्रश्नगत भवन में लगी अग्निशमन व्यवस्थाओं फ्लैश उपकरणों की अनापत्ति प्रमाण पत्र निर्गत किये जाने की अपेक्षा की गई है, उक्त प्रश्नगत भवन में लगी अग्निशमन व्यवस्थाओं एवं अभिलेखों का परीक्षण तथा निरीक्षण आख्या का सुसंगत मानकों के आधार पर मेरे द्वारा परिशीलन किया गया, जिसका विवरण निमन्वत् है-

**भवन की संरचना:-**

1- टोटल प्लांट एरिया- 8100 वर्गमीटर।

2- भूतल का कवर्ड एरिया- 1107 वर्गमीटर।

3- प्रथम तल कवर्ड एरिया- 1107 वर्गमीटर।

4- कुल तलो की संख्या:- 03 तल।

5- कुल कवर्ड एरिया:- 3321 वर्गमीटर।

6- भवन की ऊंचाई:- 12 मीटर।

7- **भवन का अभियोग एवं हैंजार्ड श्रेणी-** प्रश्नगत प्रस्तावित भवन एन0बी0सी0- 2016 के अनुसार संस्थागत समूह के अंतर्गत वर्गीकृत है।

**ढांचागत व्यवस्थायें:-**

1- पहुंच मार्ग- 05 मीटर उपलब्ध है।

2- प्रवेश द्वार की चौड़ाई/ऊंचाई मानक के अनुसार उपलब्ध है।

3- सेट बैक- भवन का सेट बैक मानक के अनुसार उपलब्ध है, सेट बैक अवरोध मुक्त रखा जायेगा, इस पर किसी भी प्रकार का स्थायी/अस्थायी निर्माण नहीं कराया जायेगा।

4- भवन मे कुल 1 स्टेयर केसेज स्थापित है। जिनकी चौड़ाई 1.83 मी0 है, जिनमें एक फायर स्केप के रूप मे प्रयोग किया जाएगा।

**अग्निशमन सुरक्षा व्यवस्था:-**

1- **होजरील:-** भवन के प्रत्येक तल पर होज़रील लैंडिंग वाल्व आई0एस0- 3844 मानकों के अनुसार आवश्यक है।

2- **पम्प:-** 2280 एल0पी0एम0 क्षमता का एक डीजल पम्प, एक इलेक्ट्रिक पम्प व 180 एलपीएम क्षमता का जांकी पम्प अपेक्षित है।

3- **वेट राइजर/डाउनकमर:-** भवन के मानचित्र मे वेट राइजर सिस्टम / डाउनकमर एन0बी0सी0- 2016 मानकों के अनुरूप अपेक्षित है।

For Dr. Virendra Swarup Memorial Trust

Principal
Dr. Virendra Swarup Public School
Bindki Mughal Road Fatehpur

4- **टेरिस टैंक:-** 20,000 लीटर का टैरिस टैंक आवश्यक है।

5- **टेरिस पम्प:-** टेरिस टैंक के पास 450 एलपीएम का टेरिस पम्प आवश्यक है।

**हस्तचालित इलेक्ट्रिक फायर एलार्म सिस्टम:-** भवन मे मैनुअल आपरेटिड इलेक्ट्रिक फायर एलार्म सिस्टम का प्रावधान एन0बी0सी0 मानकों के अनुरूप अपेक्षित है।

6- **स्वचालित डिडेक्शन एण्ड एलार्म सिस्टम:-** भवन मे आटोमेटिक डिडेक्शन एण्ड एलार्म सिस्टम एन0बी0सी0 मानकों के अनुरूप स्थापित किया जाये।

7- स्थानीय फायर स्टेशन का सी0यू0जी0 मोबाइल नं0 का बोर्ड जगह-जगह स्थापित कराया जाये।

अतः उपरोक्तानुसार प्रश्नगत मेसर्स डाक्टर वीरेन्द्र स्वरूप पब्लिक स्कूल बकेवर, बिंदकी, मुगल रोड फतेहपुर के खसरा नम्बर- 684 तहसील व जिला फतेहपुर का अग्निशमन अनापत्ति प्रमाण पत्र एन0बी0सी0- 2016 में प्रस्तावित अग्निशमन सुरक्षा व्यवस्थाओं के आधार पर **निम्न शर्तों** के अधीन निर्गत किया जाता है।

आवेदक / प्रबंधक को निर्देशित किया जाता है कि भवन में अपेछित अग्निशमन उपकरणों को लगाया जाना अतिआवश्यक है, अग्नि सुरक्षा व्यवस्थाओं को सदैव कार्यशील दशा में बनाए रखने हेतु मेंटेनेन्स शैड्यूल बनाया जाये तथा उसी के अनुसार कार्यशील दशा में रखा जाये।

भवन में स्थापित अग्निशमन प्रणाली के संचालन हेतु नियमित प्रशिक्षित स्टाफ नियुक्त किए जाये।

किसी प्रकार का अतिरिक्त निर्माण कराए जाने से पूर्व अग्निशमन विभाग से अनापत्ति प्रमाण पत्र प्राप्त किया जाना अनिवार्य होगा।

भवन मे स्थापित अग्निशमन व्यवस्थाओं में किसी प्रकार की त्रुटि पाए जाने पर इसकी सूचना अविलम्ब स्थानीय अग्निशमन केन्द्र को दी जाये एवं अविलम्ब पाई गई त्रुटि का निवारण किया जाये।

प्रत्येक 6 माह में एक बार भवन में कार्य सुरक्षाकर्मियों का मॉकड्रिल / फायर ड्रिल करायी जाये, तथा इमरजेंसी इवैल्यूएशन प्लान बनाया जाए इसकी जानकारी सुरक्षाकर्मियों को प्रदान कराई जाए।

वर्ष मे एक बार अग्निशमन विभाग से भवन में जीवन रक्षा फायर प्रिवेंशन तथा फायर प्रोटेक्शन सिस्टम के क्रियाशील, जिसकी फीस द्वारा ट्रेजरी चालान से राजकीय कोष में जमा कराकर प्रमाण-पत्र प्राप्त किया जाना अनिवार्य होगा।

भवन स्थापित अग्निशमन व्यवस्थाओं के अनुरक्षण के अभाव में अथवा लापरवाही के कारण सिस्टम अकार्यशील दशा में पाए जाने का पूर्ण उत्तरदायित्व प्रबंधक / आवेदक की होगी अन्यथा निर्गत किया जा रहा अग्निशमन अनापत्ति प्रमाण-पत्र स्वतः निरस्त माना जाएगा।

(आर एस मिश्रा)
आर0 एस0 मिश्रा
मुख्य अग्निशमन अधिकारी
प्रयागराज/फतेहपुर।

**प्रतिलिपि प्रभारी अग्निशमन केन्द्र सदर जनपद फतेहपुर को सूचनार्थ।**

For Dr. Virendra Swarup Memorial Trust

Authorised Signatory

(आर एस मिश्रा)
आर0 एस0 मिश्रा
मुख्य अग्निशमन अधिकारी
प्रयागराज/फतेहपुर।

Principal
Dr. Virendra Swarup Public School
Bakewar Bindki Mughal Road
Fatehpur

17/4/21